an>

Title: Need to deal with the problems faced by passengers at Jaynagar Railway station under Samastipur Railway Division.

श्री बीरेन्द्र कुमार चौधरी (झंझारपुर) : अध्यक्ष महोदया, पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर डिवीजन के अंतर्गत जयनगर रेलवे स्टेशन पर कुछ दबंग लोगों के द्वारा रेलवे की ज़मीन पर कब्जा कर लिया गया है, जिसमें समस्तीपुर डिवीजन के समस्त पदाधिकारियों की मिलीभगत से पूति माह उगाही किया जाता है।...(व्यवधान) यहां रेलवे की ज़मीन की आवश्यकता है।...(व्यवधान) पहले मालगाड़ी माल गोदाम तक जाती थी, लेकिन अब कुछ दबंग लोगों के द्वारा रेलवे की ज़मीन पर कब्जा कर लिए जाने से वहां तक मालगाड़ी नहीं पहुंचती है, जिससे यात्रियों को काफी असुविधा होती है।...(व्यवधान)

अतः माननीय रेल मंत्री एवं रेल राज्य मंत्री से आगृह करूंगा कि इसे अविलम्ब मुक्त कराकर रेलवे की ज़मीन को रेल सेवा में लगाया जाए।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों पूसाद मिश्र को श्री बीरेन्द्र कुमार चौधरी द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति पूदान की जाती है।